दिनांक-2जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बिखरे हुए पन्नी , कचरे को एकत्र कर रहे है निगम के सफाई कर्मचारी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के किनारे , रास्ते पर पड़े हुए पन्नी, पॉलीथिन,डिस्पोजल आदि कचरे को निगम के सफाई कर्मचारी हाथों से उठाकर एकत्र कर रहे हैं इन्हें इसी प्रकार से एकत्र किया जा सकता है! जोन क्रमांक एक के नेहरू नगर चौक से कोसानाला , कोसानाला से सुपेला घड़ी चौक तक, घड़ी चौक से पेट्रोल पंप तक सड़क के दोनों किनारे तथा अन्य जोन क्षेत्रों में भी सफाई कर्मचारियों ने पन्नी , प्लास्टिक, डिस्पोजल एकत्र करने का कार्य किया! कुछ दिन पूर्व ही निगम क्षेत्रों में नागरिकों की सहभागिता से जवाहर नगर शराब भट्टी के पास , बैकुंठ धाम तलाब परिसर, कैनाल रोड आईटीआई के पास एवं निगम के विभिन्न स्थलों से इसी प्रकार का कचरा एकत्र करने का कार्य किया गया था! इस प्रकार के कचरे सूखे कचरे के श्रेणी में आते हैं परंतु अन्य माध्यमों की सहायता से यह एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच जाते हैं जो की गंदगी का कारण बनते हैं! पन्नी को इकट्ठा करके बेलिंग मशीन की सहायता से एक बंडल के रूप में परिवर्तित किया जाता है जिसे उचित निपटान के लिए भेजा जा रहा है! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर निगम की उड़नदस्ता टीम प्रतिबंधित प्लास्टिक,पन्नी,डिस्पोजल, पानी पाउच विक्रय करने वालों पर लगातार जब्ती की कार्रवाई कर रही है तथा जुर्माना भी वसूल कर रही है! निगम के द्वारा दस हजार से अधिक कपड़ों के थैलो का वितरण भी किया जा चुका है ताकि लोगों में जागरूकता आए!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी